# कार्यालय, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान बलरामपुर।

पत्रांकःडायट/2164-69 /2023–24 दिनांकः 11/01 /2024

कार्यालय आदेश

**समस्त खण्ड** शिक्षाधिकारी,
**जनपद–बलरामपुर।**

निदेशक, राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद् उ0प्र0 लखनऊ के संलग्न पत्रांकःराशै0/42959–43129/2023–24 दिनांक 08.01.2024 के अनुपालन में निष्ठा प्रशिक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रारम्भिक बाल्यावस्था, देखभाल और शिक्षा **(ECCE)** हेतु निष्ठा 4.0 एवं आरम्भिक स्तर पर भाषा एवं अंकीय दक्षताओं हेतु निष्ठा 3.0 (**FLN**) प्रशिक्षण दीक्षा पोर्टल के माध्यम से दिनांक 08.01.2024 से 20.03.2024 तक पुनः संचालित किया जा रहा है। निष्ठा 3.0 (**FLN**) प्रशिक्षण व निष्ठा 4.0 **(ECCE)** पूर्ण करने से वंचित रह गये प्रधानाध्यापक एवं शिक्षक, शिक्षामित्र, अनुदेशक द्वारा 20.03.2024 तक प्रशिक्षण पूर्ण करवाना सुनिश्चित करें।

11/01/24

उप शिक्षा निदेशक/प्राचार्य,
जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान
बलरामपुर।

पृ0सं0/डायट/ /2023–24 तद्दिनांक।

प्रतिलिपिःनिम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

01.महानिदेशक, स्कूल शिक्षा, उ0प्र0, लखनऊ।
02.निदेशक, राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् उ0प्र0 लखनऊ।
03.जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जनपद–बलरामपुर।
04.जिला समन्वयक प्रशिक्षण (बे0का0) बलरामपुर।
05.समस्त प्रधानाध्यापक एवं शिक्षक, शिक्षामित्र, अनुदेशक को अनुपालनार्थ।

उप शिक्षा निदेशक/प्राचार्य,
जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान
बलरामपुर।

**प्रेषक,**

**निदेशक,**
राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं
प्रशिक्षण परिषद, उ0प्र0, लखनऊ।

**सेवा में,**

1. **उप शिक्षा निदेशक/प्राचार्य,**
   जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान,
   समस्त जनपद, उत्तर प्रदेश।
2. **जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी,**
   समस्त जनपद, उत्तर प्रदेश।

पत्रांकः **राशै0/ 42959-43129 /2023-24, दिनांकः 08 जनवरी, 2024**

विषयः **समग्र शिक्षा के अंतर्गत NISHTHA 4.0 (ECCE) एवं NISHTHA 3.0 (FLN) के पुनः संचालन के सम्बन्ध में।**

महोदय,

कृपया केन्द्रीय शैक्षिक प्रौद्योगिकी संस्थान, एन0सी0ई0आर0टी0, नई दिल्ली के पत्र दिनांक 19.12.2023 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें जिसके द्वारा अवगत कराया गया है कि NISHTHA 4.0 (ECCE) एवं NISHTHA (3.0) (FLN) प्रशिक्षण कार्यक्रम की पहुँच शिक्षण अधिगम प्रक्रिया में संलग्न समस्त हितधारकों तक सुनिश्चित करने के लिए पुनः दीक्षा पोर्टल के माध्यम से क्रियान्वित कराया जा रहा है। इसके क्रम में एन0सी0ई0आर0टी0, नई दिल्ली के तत्वाधान में निष्ठा प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत प्रारम्भिक बाल्यावस्था, देखभाल और शिक्षा (ई0सी0सी0ई0) हेतु NISHTHA (ECCE) 4.0 एवं आरम्भिक स्तर पर भाषा एवं अंकीय दक्षताओं हेतु NISHTHA (3.0) (FLN) प्रशिक्षण दीक्षा पोर्टल के माध्यम से दिनांक 08.01.2024 से 20.03.2024 तक पुनः संचालित किया जा रहा है।

NISHTHA 3.0 (FLN) प्रशिक्षण कार्यक्रम के सम्बन्ध में परिषद कार्यालय के पत्रांक राशै0/23757-868/2021-22, दिनांक 13.10.2021 द्वारा विस्तृत दिशानिर्देश जनपदों को प्रेषित किये गये है जिसके अंतर्गत लाभार्थी -समस्त डायट फैकल्टी, ए0आर0पी0, के0आर0पी0, एस0आर0पी0, समस्त शिक्षक, प्रधानाध्यापक, शिक्षामित्र, अंशकालिक अनुदेशक (कक्षा 1-8 तक) हैं। शैक्षिक सत्र 2023-24 के अंतर्गत दीक्षा पोर्टल के माध्यम से पुनः संचालित निष्ठा 3.0 (FLN) प्रशिक्षण के लाभार्थी डायट के समस्त प्रवक्ता, डायट, डायट प्रशिक्षु तथा प्रधानाध्यापक एवं शिक्षक, शिक्षामित्र, अनुदेशक, एस0आर0जी0, ए0आर0पी0 हैं, जिन्हें यह प्रशिक्षण पूर्ण करना है।

निष्ठा 4.0 प्रशिक्षण कार्यक्रम के सम्बन्ध में महानिदेशक, स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना निदेशक कार्यालय, उ0प्र0 लखनऊ के पत्रांक रा0परि0नि0/9672/2022-23, दिनांक 06.01.2023 द्वारा विस्तृत दिशानिर्देश प्रेषित किये गये हैं। शैक्षिक सत्र 2023-24 के अंतर्गत दीक्षा पोर्टल के माध्यम से पुनः संचालित निष्ठा 4.0 (ECCE) के लाभार्थियों के अंतर्गत समस्त प्रवक्ता, डायट, डायट प्रशिक्षु, प्रधानाध्यापक एवं शिक्षक, शिक्षामित्र, अनुदेशक, एस0आर0जी0, ए0आर0पी0, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग से सम्बन्धित जिला कार्यक्रम अधिकारी(डी0पी0ओ0), बाल विकास परियोजना अधिकारी (सी0डी0पी0ओ0), मुख्य सेविका (सुपरवाइजर) तथा आंगनबाड़ी कार्यकर्त्री सम्मिलित हैं, जिन्हें यह प्रशिक्षण पूर्ण करना है।

अतः उपरोक्त वर्णित लाभार्थियों में से किसी भी कारण से निष्ठा प्रशिक्षण 3.0 (FLN) एवं 4.0 (ECCE) पूर्ण करने से वंचित रह गये लाभार्थियों को दिनांक 20.03.2024 तक प्रशिक्षण पूर्ण करने हेतु निर्देशित करने का कष्ट करें। प्रशिक्षण से सम्बन्धित पाठ्यक्रम का विवरण पत्र के साथ संलग्न है। निष्ठा प्रशिक्षण से सम्बन्धित कोर्स लिंक एवं समय सारिणी, निष्ठा प्रशिक्षण से सम्बन्धित टेलीग्राम एवं व्हाट्सअप ग्रुप के माध्यम से निष्ठा राज्य तकनीकी समन्वयक द्वारा समयान्तर्गत साझा किया जाएगा।

**संलग्नक-उक्तवत्**

भवदीय,

**डॉ0(सरिता तिवारी)**
निदेशक,
राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं
प्रशिक्षण परिषद, उ0प्र0, लखनऊ।

पृ0सं0: राशै/ 42959-43129 /2023–24, तद्दिनांक।

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित –

1. महानिदेशक, स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना कार्यालय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
2. शिक्षा निदेशक (बे0), उत्तर प्रदेश, निशातगंज, लखनऊ।
3. निदेशक, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग, उ0प्र0 लखनऊ को इस आशय से प्रेषित निष्ठा 4.0 (ई0सी0सी0ई0) प्रशिक्षण पूर्ण करने हेतु अपने विभाग से सम्बन्धित प्रशिक्षणार्थियों कार्यक्रम अधिकारी(डी0पी0ओ0), बाल विकास परियोजना अधिकारी(सी0डी0पी0ओ0), मुख्य सेविका (सुपरवाइजर) एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्त्री को निर्देशित करने का कष्ट करें। 2
4. प्रो0 अमरेन्द्र बेहरा, संयुक्त निदेशक, सी0आई0ई0टी0, एन0सी0ई0आर0टी0, नई दिल्ली।
5. डॉ0 एंजेल रथनाबाई, सहायक प्रोफेसर, सी0आई0ई0टी0, एन0सी0ई0आर0टी0, नई दिल्ली को कोर्स में सम्मिलित किये जाने वाले प्रतिभागियों के सम्बन्ध में दूरभाष पर हुई वार्ता के क्रम में प्रेषित।
6. मण्डलीय सहायक शिक्षा निदेशक (बेसिक), समस्त मण्डल, उत्तर प्रदेश।
7. सुश्री मीनाक्षी राय, प्रवक्ता (शोध), राज्य अकादमिक समन्वयक, निष्ठा, एस0सी0ई0आर0टी0, उ0प्र0 लखनऊ।
8. श्री अली इमरान, राज्य तकनीकी समन्वयक, निष्ठा, गुणवत्ता प्रकोष्ठ, राज्य परियोजना कार्यालय, उ0प्र0, लखनऊ।

डॉ0(सरिता तिवारी)
निदेशक,
राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं
प्रशिक्षण परिषद, उ0प्र0, लखनऊ।

## अनुलग्नक 1: निष्ठा ईसीसीई और एफएलएन (2023-24) के लिए पाठ्यक्रम विवरण

पाठ्यक्रम अनुसूची

- नामांकन प्रारंभ तिथि: 8 जनवरी 2024
- नामांकन समाप्ति तिथि: 1 मार्च 2024
- अंतिम तिथि: 20 मार्च 2024

कोर्सों में कैसे शामिल हों

1. दीक्षा पोर्टल पर जाएँ या दीक्षा मोबाइल ऐप इंस्टॉल करें। अगर आपने पहले ही ऐप इंस्टॉल कर लिया है तो ऐप को अपडेट कर लें।

3

DIKSHA portal      DIKSHA mobile app

2. यदि आप कोर्स करने के लिए पहली बार दीक्षा का उपयोग कर रहे हैं, तो दीक्षा पर पंजीकरण करें (पंजीकरण दीक्षा पोर्टल या मोबाइल ऐप में केवल एक बार करना होगा)
3. अपनी पंजीकृत आईडी/मोबाइल नंबर और पासवर्ड से लॉगिन करें
4. अपना प्रोफ़ाइल पृष्ठ अपडेट करें और यदि आपको कोई समस्या आती है तो बेहतर समन्वय के लिए एनसीईआरटी के साथ विवरण साझा करने की सहमति दें
5. कोर्स तक पहुंचने के लिए निम्नलिखित कोर्स लिंक पर क्लिक करें या नीचे दिए गए क्यूआर कोड को स्कैन करें
6. भीतर कोर्स में नामांकन करें
7. कोर्सों में दिए गए संसाधनों तक पहुँचें और संसाधनों के माध्यम से सीखें
8. असाइनमेंट लें, 70% या उससे अधिक अंक प्राप्त करें और प्रमाण पत्र पाएँ
9. अपने प्रोफ़ाइल पृष्ठ में प्रमाणपत्र डाउनलोड करें

यदि आपको पंजीकरण करते समय, संसाधनों तक पहुँचने में या किसी अन्य प्रकार की तकनीकी समस्या का सामना करना पड़ रहा है, तो निम्नलिखित लिंक पर अपने प्रश्न सबमिट करें
https://docs.google.com/forms/d/e/1FAIpQLSc77DycQZwzbgEf7P200SNqcwWK6vy3oDo81Md5Y7EnxSZJzg/viewform

निष्ठा - एफएलएन पाठ्यक्रम:

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | हिन्दी | बुनियादी साक्षरता और संख्या ज्ञान मिशन का परिचय | https://diksha.gov.in/explore-course/course/do_31395000352395264016807 |
| 2 | हिन्दी | दक्षता आधारित शिक्षा की ओर बढ़ना | https://diksha.gov.in/explore-course/course/do_31395000827164262416857 |
| 3 | हिन्दी | बच्चों की सीखने की प्रक्रिया को समझना : बच्चे कैसे सीखते है? | https://diksha.gov.in/explore-course/course/do_31395000995866214417064 |
| 4 | हिन्दी | बुनियादी साक्षरता एवं संख्याज्ञान में समुदाय एवं अभिभावकों की सहभागिता | https://diksha.gov.in/explore-course/course/do_31395001189576704016919 |
| 5 | हिन्दी | 'विद्या प्रवेश' एवं 'बालवाटिका' की समझ | https://diksha.gov.in/explore-course/course/do_31395001310174412816947 |
| 6 | हिन्दी | बुनियादी भाषा और साक्षरता | e-course/course/do_31395001456691609617423 |
| 7 | हिन्दी | प्राथमिक कक्षाओं में बहुभाषी शिक्षण | https://diksha.gov.in/explore-course/course/do_31395001661336780817285 |
| 8 | हिन्दी | सीखने का आकलन | https://diksha.gov.in/explore-course/course/do_31395001799729152017119 |
| 9 | हिन्दी | बुनियादी संख्यात्मकता | https://diksha.gov.in/explore-course/course/do_31395005214895308817380 |
| 10 | हिन्दी | बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान हेतु विद्यालय नेतृत्व | https://diksha.gov.in/explore-course/course/do_31395001909338931217090 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 11 | हिन्दी | शिक्षण, अधिगम और मूल्यांकन में सूचना और संचार प्रौद्योगिकी (ICT) का एकीकरण | https://diksha.gov.in/explore-course/course/do_31395002100520550417280 |
| 12 | हिन्दी | बुनियादी स्तर के लिए खिलौना आधारित शिक्षण | https://diksha.gov.in/explore-course/course/do_31395009580359680017478 |

निष्ठा - ईसीसीई पाठ्यक्रम:

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | हिन्दी | प्रारंभिक वर्षों का महत्व | https://diksha.gov.in/explore-course/course/do_31394795340605849616321 |
| 2 | हिन्दी | खेल-आधारित सीखने के परिवेश का नियोजन | https://diksha.gov.in/explore-course/course/do_31394795639501619216367 |
| 3 | हिन्दी | समग्र विकास के लिए खेल-आधारित गतिविधियां | https://diksha.gov.in/explore-course/course/do_31394795909781094416566 |
| 4 | हिन्दी | अभिभावक और समुदायों के साथ साझेदारी | https://diksha.gov.in/explore-course/course/do_31394796694613196816604 |
| 5 | हिन्दी | स्कूल के लिए तैयारी | https://diksha.gov.in/explore-course/course/do_31394796329383526416558 |
| 6 | हिन्दी | जन्म से 3 साल - विशेष आवश्यकताओं के लिए पारंभिक हस्तक्षेप | https://diksha.gov.in/explore-course/course/do_31394796582205030416647 |